हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

4

5 दिवसीय द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड शिविर में ने लिया प्रशिक्षण



खबर संक्षेप

लंबित पेंशन, वेतन प्रकरणों के लिए शिविर 14 को

जशपुरनगर। जिले में लंबे समय से लंबित वेतन निर्धारण और पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर के निर्देश पर यह शिविर दिनांक 14 अक्टूबर 2026 बुधवार को सुबह 10:30 बजे मंत्रणा सभाकक्ष कलेक्टोरेट जशपुर में आयोजित होगा। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों के साथ शिविर में उपस्थित होकर उनका निराकरण कराना सुनिश्चित करें। यह शिविर सेवानिवृत होने वाले और जो सेवानिवृत हो चुके जिनका प्रकरण लंबित है उन कर्मचारियों के लिए राहत भरा साबित होगा।

दिव्यांग प्रमाणीकरण व यूडीआईडी शिविर 14 को

जशपुरनगर। कलेक्टर जिला जशपुर के निर्देशानुसार दिव्यांगजन प्रमाणीकरण तथा यूडीआईडी शिविर का आयोजन बुधवार 14 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसाबहार में सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। जनपद पंचायत फरसाबहार अन्तर्गत समस्त दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया जाएगा। शिविर में हितग्राहियों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार से लिंक मोबाइल, दिव्यांगता प्रदर्शित करता हुआ फोटोग्राफ जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यदि आधार से लिंक मोबाईल नंबर अपडेट करने की आवश्यकता है तो पूर्व में ही आधार केन्द्र में मोबाइल नंबर अपडेट करवा लें। यह जानकारी उप संचालक, समाज कल्याण विभाग जिला जशपुर की ओर से दी गई है।

युवतियों को रोजगार से जोड़ने की पहल

जशपुरनगर। जिला प्रशासन और नवगुरुकुल वर्ष 2023 से जिले की युवतियों को कौशल-आधारित शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी पहल के तहत 14 अक्टूबर को सेजेस पत्थलगांव में करियर-अवेयरनेस एवं स्कॉलरशिप सेमिनार आयोजित किया जाएगा। सेमिनार का विवरण 14 अक्टूबर सुबह 10 बजे स्थान सेजेस पत्थलगांव में इस सेमिनार के माध्यम से छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को नवगुरुकुल के कोर्स, पात्रता, स्कॉलरशिप चयन प्रक्रिया और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। नवगुरुकुल एक नॉन-प्रॉफिट संस्था है, जो वंचित समुदायों की युवतियों को टेक्निकल एवं प्रोफेशनल स्किल्स सिखाकर रोजगार के लिए तैयार करती है। चयन प्रक्रिया पूरी करने वाली छात्राओं को मुफ्त शिक्षा, भोजन, आवास, लैपटॉप और वाई-फाई की सुविधा दी जाती है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें जॉब और प्लेसमेंट में भी सहयोग दिया जाता है।

चोरी की दो बाइक बरामद 2 आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। वाड्रफनगर कुंभीडांड हाल मुकाम तुर्रापानी सिंह कालोनी निवासी रोहित सिंह ने अपनी बाइक सीजी 29 एजी 3079 कों कॉलोनी परिसर में खड़ा किया था और 18 सितंबर की रात कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी करके ले गया। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने श्देह के आधार पर धंधापुर रेवतपुर हाल मुकाम नमनाकला पुराना पानी टंकी रोड निवासी 26 वर्षीय सुशील शांडिल्य आ. सधवन शांडिल्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपने दोस्त अभिषेक सोनी के साथ मिलकर सिंह कालोनी से बाइक चोरी करने तेल खत्म होने पर सुभाषनगर में छिपाने की बात कही। आरोपी ने बाइक की नम्बर प्लेट को निकालकर फेंक दिया था।

मुख्यमंत्री निवास बगिया में गूंजा हनुमान चालीसा

हनुमान चालीसा पाठ से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा, शक्ति व आत्मबल :कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ।

- कौशल्या ने हनुमान चालीसा का गायन कर की आयोजन की शुरुआत,
- प्रतिदिन दिन संध्या बेला में किया जाएगा पाठ

रविवार से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने स्वयं हनुमान चालीसा का गायन किया,यह आयोजन प्रतिदिन संध्या बेला में किया जाएगा। उनकी सहभागिता से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर कौशल्या साय ने हनुमान चालीसा के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपने-अपने घरों में नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ मन में श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मकता का संचार करता है। इससे व्यक्ति को ऊर्जा, शक्ति और आत्मबल की अनुभूति होती है तथा जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है।



हर घर में हो हनुमान चालीसा का पाठ

कौशल्या साय ने कहा कि हनुमान जी शक्ति, साहस, सेवा, समर्पण और अटूट भक्ति के प्रतीक हैं। उनकी आराधना से लोगों को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। हनुमान चालीसा का नियमित पाठ परिवार में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करने के साथ ही मन को शांति और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर धार्मिक अनुष्ठानों और ईश्वर की आराधना के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करें। प्रत्येक घर में हनुमान चालीसा का पाठ हो, जिससे लोगों को निरंतर सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति मिलती रहे।

नवरात्रि में भक्ति और साधना का विशेष महत्व

नवरात्रि शक्ति की उपासना का पावन पर्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ हनुमान जी की भक्ति और चालीसा पाठ का भी विशेष आध्यात्मिक महत्व है। मुख्यमंत्री निवास में प्रारंभ हुआ यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक साधना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

11 एवं 12 अक्टूबर की दरमियानी रात थाना लोदाम पुलिस की टीम रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान 12 अक्टूबर को सुबह करीब 3 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जशपुर की ओर से एक पिकअप वाहन में गौवंशों को भरकर झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा नेशनल हाइवे पर पतराटोली के पास संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई। **पुलिस को देखकर तेज गति से भागने लगा पिकअप चालक-** सुबह करीब 4 बजे जशपुर की ओर से एक संदिग्ध पिकअप वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन रोकने के बजाय तेज गति से भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्काल उसका पीछा किया। पुलिस को पीछे आता देख चालक ने भलमंडा ⏭ शेष पेज 2 पर



- पिकअप वाहन से 4 नग गौ वंशों को कराया मुक्त, एक गिरफ्तार

एसएसपी सिंह ने ली 13 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ज्ञातव्य है कि पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु जिला जशपुर को 13 प्रशिक्षु उ प नि री क्ष क आ बं टि त किए गए हैं, जो वर्तमान में जिले में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में सभी प्रशिक्षु उप निरीक्षकों की बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उनके आगामी दो माह के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में पदस्थ किया है।

- आगामी दो माह के व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु थाना-चौकियों में की पदस्थापना



चार बड़े शहरी थानों में प्रभारी से सीखेंगे पुलिसिंग

इस दौरान चार शहरी थानों सिटी कोतवाली जशपुर, पत्थलगांव, बगीचा एवं कुनकुरी में पदस्थ प्रशिक्षु उप निरीक्षक संबंधित थाना प्रभारियों के अधीन रहकर शहरी थानों की कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं, शेष प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को विभिन्न थाना-चौकियों में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है, जहां वे थाना-चौकी प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

इन प्रशिक्षु उप निरीक्षकों की पदस्थापना की गई है

प्रशिक्षु उप निरीक्षक संतोष कुमार चौरसिया सिटी कोतवाली जशपुर थाना प्रभारी के अधीन प्रशिक्षण, प्रशिक्षु उप निरीक्षक नील मणि निषाद पत्थलगांव थाना प्रभारी के अधीन प्रशिक्षण, प्रशिक्षु उप निरीक्षक संतोष कुमार वर्मा बगीचा थाना प्रभारी के अधीन प्रशिक्षण, प्रशिक्षु उप निरीक्षक शेखर सिंह राजपूत कुनकुरी थाना प्रभारी के अधीन प्रशिक्षण लेगें वहीं प्रशिक्षु उप निरीक्षक माधुरी वर्मा आरा चौकी प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार पर रहेंगी। इसी तरह प्रशिक्षु उप निरीक्षक लक्ष्मी मरकाम मनोरा चौकी प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक जय प्रकाश पंडरापाठ चौकी प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक मोहन लाल मरकाम सोनक्यारी चौकी प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक राजकुमार करडेगा चौकी प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार, प्रशिक्षु उप निरीक्षक देविका ऊपरकछार चौकी प्रभारी का स्वतंत्र प्रभार संभालेंगे। वहीं प्रशिक्षु उप निरीक्षक जितेंद्र साहू तुमला थाना प्रभारी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विंबलेश्वरी मरकाम कोल्हेनझरिया चौकी प्रभारी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक शेष नारायण दीवान कोतबा चौकी प्रभारी के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

स्थानांतरित अधिकारियों की सूची

निरीक्षक राकेश यादव थाना प्रभारी बागबहार- थाना प्रभारी सन्ना
उप निरीक्षक सुनील सिंह थाना प्रभारी दुलदुला- थाना प्रभारी बागबहार
उप निरीक्षक सतीश सोनवानी चौकी प्रभारी पंडरापाठ -थाना प्रभारी दुलदुला
उप निरीक्षक विवेक भगत चौकी प्रभारी मनोरा - थाना प्रभारी आस्ता
उप निरीक्षक अर्जुन यादव थाना प्रभारी आस्ता -थाना बगीचा
उप निरीक्षक बृजेश यादव चौकी प्रभारी कोतबा- चौकी प्रभारी दोकड़ा।
सहायक उप निरीक्षक टेकराम सारथी चौकी प्रभारी करडेगा- चौकी कोतबा।
सहायक उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी चौकी प्रभारी आरा- चौकी पंडरापाठ।
सहायक उप निरीक्षक भुवनेश्वर भगत चौकी प्रभारी ऊपरकछार- चौकी आरा।
सहायक उप निरीक्षक कुमार वैभव सिंह चौकी प्रभारी सोनक्यारी- चौकी मनोरा।
सहायक उप निरीक्षक विपिन किशोर केरकेट्टा चौकी प्रभारी कोल्हेनझरिया - चौकी सोनक्यारी।
सहायक उप निरीक्षक नीता कुरें थाना कुनकुरी - थाना पत्थलगांव।
सहायक उप निरीक्षक बैजन्ती किण्डो थाना पत्थलगांव - थाना कुनकुरी।

जुआ के खिलाफ जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

11 अक्टूबर रात करीबन 12 बजे पत्थलगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि, थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुड़ापारा में एक ढाबा के पीछे कुछ लोग जुआ का फड़ लगाए हैं, व ताश पत्ती से रुपए पैसे का दांव लगाकर कर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पत्थलगांव पुलिस कू टीम ने बताए स्थान पर घेरेबंदी कर छापेमार कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 9 जुआड़ीयों को हिरासत में लिया गया।

- पत्थलगांव क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते 9 जुआड़ीयों को पकड़ा

जुआ के खिलाफ जशपुर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी

मामले में डीआईजी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस जुआ के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, पत्थलगांव क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते हुए, 9 लोगों को पकड़ा है, जुआड़ीयों से 63 हजार 470 रुपए तथा ताश पत्ती, को जप्त किया गया है, जुआ के खिलाफ जशपुर पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

जुआ फड़ से 63 हजार 470 रूपए नगद व ताश गड्डी जब्त



इन जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों की पहचान मुकेश यादव उम्र 45वर्ष, निवासी मुड़ा पारा थाना पत्थलगांव, शरद बेहरा उम्र 38 वर्ष निवासी पाकरगांव, धनुमणि यादव उम्र 39 वर्ष, निवासी पाकरगांव, मधु सुदन यादव उम्र 38 वर्ष निवासी करंगाबहाल,मो फुल हसन उम्र 24 वर्ष निवासी मुड़ा पारा, घनश्याम यादव उम्र 32 वर्ष निवासी कछार, दीपक बेहरा उम्र वर्ष 34 निवासी पाकरगांव, हरि जायसवाल उम्र 36 वर्ष निवासी पाकरगांव एवंमनोज अम्बस्त उम्र 45 वर्ष निवासी पाकरगांव थाना पत्थलगांव जिला जशपुर के रूप में की गई। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 63 हजार 470 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश की गड्डी को जब्त किया। मामले में पुलिस ने सभी 9 जुआरियों के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की। एसडीओपी पत्थलगांव डॉ ध्रुवेश जायसवाल के पर्यवेक्षण में मामले की गई कार्रवाई में में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक जितेंद्र ताम्रकार, उप निरीक्षक विदवा राम यादव, प्रशिक्षु उप निरीक्षक जय प्रकाश कोराम, प्रधान आरक्षक त्रिनाथ यादव, अशोक नाग व आरक्षक आलोक मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

दुर्गा पंडाल पहुंचीं विधायक गोमती, दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना

कोतबा। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पत्थलगांव विधायक व उपाध्यक्ष गोमती साय ने सोमवार पंचायत कोतबा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा के पावन स्वरूप के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। पंडाल में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर विधायक श्रीमती साय ने आरती की और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने कहा, उन्होंने मां आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा के चरणों में शीश नवाकर समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की है। मां दुर्गा का आशीर्वाद सदैव हमारे पूरे क्षेत्र और नागरिकों पर बना रहे। पूजा-अर्चना के दौरान पूजा समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने विधायक का स्वागत किया, जिसके बाद उन्होंने उपस्थित नागरिकों से भेंट कर नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दीं।



एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग, जेईई-नीट मेंटरशिप सहित अन्य परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा, विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर जिले में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास, सीखने की क्षमता में वृद्धि और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सहज और रुचिकर बनाने के साथ विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने अंतरिक्ष संगवारी, स्मार्ट क्लासेस, संपर्क स्मार्ट शाला, जेईई-नीट की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को मेंटरशिप प्रदान करने सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने, सीखने की क्षमता बढ़ाने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

अंतरिक्ष संगवारी के तहत 14 अक्टूबर को चयन परीक्षा

अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम के अंतर्गत इसरो में एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग के लिए प्रतिभावान विद्यार्थियों के चयन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाली चयन परीक्षा में जिले के 10 हजार 407 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में 192 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के माध्यम से 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इन विद्यार्थियों को रायपुर में अंतरिक्ष विज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद उनमें से 50 विद्यार्थियों को इसरो में एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। कलेक्टर श्री व्यास ने चयन परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जेईई-नीट की तैयारी के लिए 200 विद्यार्थियों को मिलेगी मेंटरशिप

कलेक्टर ने जिले के विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से संचालित कार्यक्रम की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 11वीं और 12वीं के कुल 670 विद्यार्थियों की विकासखंड स्तर पर चयनित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों सेजेस में ओएमआर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर 200 विद्यार्थियों का चयन मेंटरशिप के लिए किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विषयों की समझ विकसित करने और परीक्षा संबंधी रणनीति के लिए मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

छात्रवृत्ति परीक्षा से विद्यार्थियों को मिलेगी आर्थिक सहायता

कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारियों और आवेदन प्रक्रिया की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के लिए विद्यालय स्तर पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर तथा परीक्षा केंद्र पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर निर्धारित है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलती है। इससे विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक सहायता मिलती है। कलेक्टर ने परीक्षा के संबंध में विद्यार्थियों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने और पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

स्मार्ट क्लासेस सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

कलेक्टर ने विद्यालयों में संचालित स्मार्ट क्लासेस और संपर्क स्मार्ट शाला कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए इनके नियमित एवं प्रभावी संचालन पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट, अपार आईडी निर्माण, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र तथा स्टूडेंट डाटा एंट्री की प्रगति की भी समीक्षा की । कलेक्टर ने लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया, ताकि विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं और विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

Rera no.
PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

A PROJECT BY
ORA MAKERS
Own your real asset.

New Town

Own it!

बड़े दिल वालों की
बड़ी दुनिया और बेहतर लोकेशन



- Majestic Grand Entrance Gate
- Modern Garden Living
- Elegant Clubhouse
- Attractive Waterbodies
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool
- Fully Equipped Gymnasium
- Indoor & Outdoor Games
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces

Navratri Special Offer

Spin Wheel Bonanza

Compulsory Gift On Every Booking & Site Visit...



* T&C Apply

2, 3, 4, 5 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS & PREMIUM PLOTS


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph

Scan this QR code for Location

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

newtown.bsp@gmail.com | www.newtownbsp.com | Follow us

Call: +91 98931 13444, 98931 28333

एक TOWN बड़े दिल वालों का

खबर संक्षेप

आदिवासी समाज की तरह मुस्लिम समाज को भी यूसीसी से रखा जाए बाहर

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता को लेकर मुस्लिम समाज में गंभीर चिंता व्याप्त है। जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक



विभाग सरगुजा के अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि यदि प्रस्तावित यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखने का प्रावधान या प्रस्ताव रखा जाता है तो उसी प्रकार मुस्लिम समाज को भी इसके दायरे से बाहर रखने के विकल्प पर विचार किया जाए, ताकि समुदाय अपनी धार्मिक मान्यताओं, शरीयत आधारित पारिवारिक नियमों और परंपराओं के अनुरूप अपने धार्मिक अधिकारों का पालन कर सके। मुस्लिम समाज का मानना है कि शरीयत आधारित व्यक्तिगत कानून उसकी धार्मिक आस्था, जीवन-पद्धति और सामाजिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। इसलिए इन कानूनों को संरक्षण दिया जाना चाहिए और यूसीसी के माध्यम से ऐसा कोई प्रावधान लागू नहीं किया जाना चाहिए, जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित हो। हमारा कहना है कि जब संविधान धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के सिद्धांतों को मान्यता देता है, तो मुस्लिम समाज की धार्मिक मान्यताओं तथा शरीयत से जुड़े व्यक्तिगत कानूनों को लेकर उसकी चिंताओं पर भी गंभीरता और संवेदनशीलता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि यदि प्रस्तावित यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखने का प्रावधान या प्रस्ताव रखा जाता है, तो उसी प्रकार मुस्लिम समाज को भी इसके दायरे से बाहर रखने की मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए। शरीयत आधारित व्यक्तिगत कानूनों और मुस्लिम समाज की धार्मिक मान्यताओं को उचित कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। यूसीसी का मसौदा सार्वजनिक किया जाए और मुस्लिम धर्मगुरुओं, विधि विशेषज्ञों, महिलाओं तथा सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ व्यापक संवाद किया जाए। धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी समुदाय की धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं की अनदेखी करते हुए उस पर कोई कानून न थोपा जाए।

आधुनिक भारत के निर्माण में गांधी के सिद्धांत बहुत उपयोगी : सुदामा



सेदम। शासकीय महाविद्यालय बतौली में आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता गांधीवादी चिंतक एवं साहित्यकार सुदामा राम गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत निर्माण में गांधी के सिद्धांत बहुत उपयोगी है। व्याख्यानमाला में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.आर. भगत, साक्षर भारत बतौली के परियोजना अधिकारी उमेश गुप्ता, प्रो. तारा सिंह मरावी, प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी, प्रो. बलराम चंद्राकर, प्रो. श्रीमती सुभागी भगत, प्रो. जिवियन खेस्स एवं अतिथि शिक्षक गोपाल यादव, शिल्पी एक्का, श्रीमती मनीषा एक्का एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बतौली के समन्वयक चंद्रभान मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सुदामा राम गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने संपूर्ण देश को सत्य और अहिंसा के राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। महात्मा गांधी के विचारों में सर्वधर्म समभाव, एकता, भाईचारा और समता निहित है जिसे आत्मसात करते हुए वैश्विक परिदृश्य में भी शांति स्थापित किया जा सकता है। व्याख्यानमाला में उमेश गुप्ता और राजनीति विज्ञान के अतिथि शिक्षक गोपाल यादव ने भी अपने विचार अभिव्यक्त किया। व्याख्यानमाला का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने किया।

साईं धाम में स्वच्छता से दिव्यता कार्यक्रम का आयोजन



बिश्रामपुर। श्री सत्य साईं सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार साईं समिति द्वारा स्वच्छता से दिव्यता कार्यक्रम के तहत साईधाम में प्रातः 9 बजे बालविकास बच्चों को नारायण ब्रह्मा शॉर्ट फिल्म दिखाई गई,इसके उपरांत बाल विकास बच्चों के द्वारा स्वच्छता स्लोगन का तख्ती लिए एवं नारों के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें 28 बालविकास बच्चे,पांच बाल विकास गुरु एवं सात पुरुष सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के महिला एवं पुरुष सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।

कनहर नदी में डूब रहे युवक को विजय ने बचाया, साहस की हो रही सराहना

रामानुजगंज। पितृपक्ष के तर्पण के अंतिम दिन कनहर नदी में महामाया मंदिर के सामने स्नान के दौरान राजेंद्र गुप्ता अचानक गहरे पानी में डूबने



लगे। छोटे भाई को डूबता देख बड़े भाई विद्या गुप्ता ने भी नदी में छलांग लगा दी और उसे बचाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान वे स्वयं भी डूबने लगे। इसी बीच नदी में तर्पण कर रहे विजय केसरी की नजर दोनों भाइयों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल पानी में छलांग लगाकर साहस और सूझबूझ का परिचय दिया तथा कड़ी मशक्कत के बाद राजेंद्र गुप्ता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते बचाव होने से एक बड़ा हादसा टल गया। विजय केसरी की तत्परता, बहादुरी और सूझबूझ की मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की। उनके साहसिक प्रयास से राजेंद्र गुप्ता की जान बच सकी।

बोरी में भरकर खपाने के फिराक में था आरोपी

6 लाख कीमत की नशीले कैप्सूल, टैबलेट एवं कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने सीतापुर क्षेत्र के तपेश्वरी मैदान में बोरी में लेकर खड़े एक युवक को पकडा। टीम ने युवक के पास से 6 लाख कीमत की नशीले दवाइयों का जखीरा जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर रिमांड में लिया है।

खास बात
- संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम की कार्रवाई

ऑपरेशन क्लीन के तहत आज संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में सीतापुर क्षेत्र में गश्त करने गई थी। जैसे ही टीम सीतापुर क्षेत्र के तपेश्वरी गौड़ा मैदान पहुंची तो एक युवक बोरी के साथ खड़ा दिखाई दिया। संदेह के आधार पर टीम ने जैसे ही सरकारी वाहन रोका तो युवक वाहन के रूकने पर भागने लगा। युवक के अचानक भागने पर संदेह पुख्ता होने पर तत्काल नगर सैनिक युवक का पीछा कर कुछ ही दूर में पकड़ लिया। टीम द्वारा जब पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम संजय विश्वकर्मा बताया और बोरी में नशीले दवाइयां होने की बात कबूल की। जब टीम ने बोरी की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए। बोरी में भारी मात्रा में नशीला कैप्सूल, टैबलेट एवं कफ सिरप था। टीम ने बोरी से 14 हजार 144 नग कैप्सूल, 1 हजार 990 नग तथा 20 नग कफ सिरप बोरी में भरा हुआ था। सभी नशीले पदार्थ का बाजार मूल्य लगभग 6 लाख रुपए है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि समस्त नशीले पदार्थ सीतापुर निवासी अनमोल गुप्ता का है उसके साथ वह बिजनेस करता है। गढ़वा जाकर अनमोल गुप्ता के लिए लाता है। टीम ने नशीले पदार्थ को जब्त कर आरोपी संजय विश्वकर्मा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी) और 22(सी)के तहत गिरफ्तार कर रिमांड लिया जा रहा है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक श्याम सुन्दर सिंह, दीपक पांडे, नगर सैनिक गणेश पाण्डेय, रणविजय सिंह, रोहित सोनवानी सक्रिय रहे।



नशीले दवाई के साथ आरोपी व संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम।

ऑपरेशन क्लीन के लिए है बड़ी सफलता

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सूखे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के लिए यह बहुत बड़ी सफलता है। लंबे समय से सीतापुर में इन लोगों की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसके बाद सफलता हाथ लगी हैं। नशे के सौदागरों पर कोई दया नहीं दिखाई जाएगी।सरगुजा संभाग को नशीले इंजेक्शन, कफ सिरप,टैबलेट,गांजा जैसे नशीले पदार्थों से मुक्त कराना ही हमारा उद्देश्य है। रंजीत गुप्ता ने बताया कि मैं सोशल मीडिया के माध्यम से सभी को नशे के व्यापार से दूर रहने के लिए इतनी हिदायत दे रहा हूं उसके बावजूद भी लोग यह व्यापार नहीं छोड़ पा रहे हैं जिसका खामियाजा उनके परिवार को भुगतना पड़ रहा है।

कई आरोपी जेल दाखिल

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा सीतापुर और बतौली सहित लुण्ड्रा क्षेत्र में कार्रवाई कर कई नशे के कारोबारियों को पकड़ा है जिसमें से अधिकांश आरोपी जेल में है। पूर्व में ही टीम ने बतौली क्षेत्र में गश्त पर जाने के दौरान ही 6 लाख कीमत के 12 सौ नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर को पकड़ा था। दोनों बतौली सहित आसपास क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन खपाने का काम करते थे। इसके अलावा सीतापुर क्षेत्र से भी नशे के कारोबारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

जारी रहेगा धर पकड़

संभाग में नशीले इंजेक्शन सहित गांजा व शराब की अवैध कारोबारियों की धरपकड़ जारी रहेगा। अब तक नशीले पदार्थ के विरूद्ध कई कार्रवाई की जा चुकी है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा।

-रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने निर्वाचन कार्यों में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार ने राजपुर तहसील का औचक निरीक्षण कर शासकीय महाविद्यालय में निर्वाचन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ की बैठक लेकर मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली बीएलओ की बैठक
- 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश, कन्या महाविद्यालय में छात्राओं से भरवाए जाएंगे फॉर्म-6

उप जिला निर्वाचन अधिकारी शासकीय कन्या महाविद्यालय भी पहुंचे, जहां पात्र छात्राओं के मतदाता पंजीयन के लिए फॉर्म-6 भरवाने की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने प्राचार्यों और बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर पात्र छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन भरवाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए समय रहते आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके लिए महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को जागरूक कर पंजीयन कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही नहीं बरतने और सभी प्रविष्टियां सटीक रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसडीएम अनमोल विवेक विवेक टोप्पो, तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर नागदेव, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीतन पैंकरा और बीएलओ उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा से स्वास्थ्य सेवाओं का बढ़ा दायरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा शुरू होने से जिले के मरीजों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए यह सुविधा लाभदायक साबित हो रही है। पहले सीटी स्कैन जांच कराने के लिए मरीजों को अंबिकापुर जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा जिला चिकित्सालय में ही उपलब्ध होने से मरीजों को राहत मिल रही है।



सीटी स्कैन जांच की सुविधा से सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर चोट लगने, मस्तिष्क में रक्तस्राव या खून का थक्का बनने, स्ट्रोक एवं पैरालिसिस, कैंसर एवं ट्यूमर, छाती से संबंधित बीमारियों एवं संक्रमण, पेट संबंधी बीमारियों तथा मिर्गी जैसी स्थितियों में मरीजों की जांच करने में सहायता मिल रही है। इससे गंभीर मरीजों की बीमारी का पता लगाने और आगे के उपचार की दिशा निर्धारित करने में सुविधा हो रही है। सीटी स्कैन सुविधा में अब तक 302 मरीजों को इस जांच का लाभ मिल चुका है। जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विधि भारद्वाज एवं सीटी स्कैन टेक्नीशियन अंकुश गुप्ता द्वारा मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होने से जिले के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर जांच कराने का अवसर मिल रहा है। इससे मरीजों एवं उनके परिजन के समय और आवागमन के खर्च में बचत हो रही है। साथ ही गंभीर बीमारियों की पहचान एवं समय पर उपचार की प्रक्रिया को भी मजबूती मिल रही है। उल्लेखनीय है कि 21 मई को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा जिला चिकित्सालय सूरजपुर में सीटी स्कैन सुविधा का शुभारंभ किया गया था। जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन सुविधा का विस्तार जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ग्रामीणों की समस्या सुनने मंत्री नेताम ने रुकवाया काफिला टुकु नाला पर पुलिया निर्माण का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम पंचायत गम्हरिया के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की समस्या सुनने के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने चिनियाँ खेल मैदान के पास अपना काफिला रुकवाया। ग्रामीणों ने गम्हरिया स्थित टुकु नाला पर पुलिया निर्माण की मांग रखी। मंत्री ने उनकी बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए आवश्यक पहल और यथाशीघ्र कार्रवाई के प्रयास करने का आश्वासन दिया।

मंत्री श्री नेताम अपने निवास से रामानुजगंज में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गम्हरिया के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उनसे मिलने आ रहे हैं, लेकिन समय पर नहीं पहुंच सके। सूचना मिलते ही उन्होंने रास्ते में काफिला रुकवाकर सभी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि टुकु नाला से होकर गुजरने वाला मार्ग ग्राम पंचायत गम्हरिया को मुख्य सड़क से जोड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों का आवागमन होता है। पुलिया के अभाव में बरसात के दौरान आवाजाही में परेशानी होती है और विद्यार्थियों को जोखिम उठाकर विद्यालय जाना पड़ता है।



ग्रामीणों ने इसे पंचायत की प्रमुख समस्या बताते हुए पुलिया निर्माण की मांग की। मंत्री श्री नेताम ने ग्रामीणों की परेशानियों से अवगत होने पर मांग के समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। इस दौरान जनपद सदस्य अशर्फी यादव, सरपंच सुषमा सिंह, इरफान अंसारी, उपसरपंच जयमंगल सिंह, राजकिशोर सिंह, नरेश यादव, मंजूर आलम, कृष्णा यादव, रामलाल सिंह, देवनारायण सिंह, अरविंद यादव, मंसूर आलम, सुरेश यादव, प्रयाग यादव, विचारन राम, रमेश सिंह, राजू राम, पारसनाथ यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। युवक ने अज्ञात कारण से पहले कीटनाशक पी लिया फिर बहन को देखने के लिए बुलाया। युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोनतराई बैगापारा निवासी अविनाश चौहान आ. स्व. अमित चौहान (19 वर्ष) 6 अक्टूबर को बड़े भाई के साथ्झ खेत के समीप बोर घर में गया था। इसी दौरान युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद युवक घर आया और बहन को फोन कर कीटनाशक पी लेने की बात बताई और देखने आने की बात कही। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कार का गेट खुलते ही स्कूटी सवार महिला टकराई, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली के थाना रोड में शो रूम के आगे सड़क पर खड़ी कार के चालक ने लापरवाह पूर्वक अपना गेट खोल दिया। अचानक गेट के खोल देने से ग्राम भटकों जा रही स्कूटी सवार महिला टकरा कर सड़क पर गिर गई जिससे घायल हो गई। महिला को डायल 112 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है। इधर मौके पाकर चालक कार लेकर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार बतौली अंतर्गत ग्राम पोकसरी निवासी शकुंतला पैकरा पति सुरेश पैंकरा स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 2191 से चौपाल के बैठक में शामिल होने खड़धोवा जा रही थी। जैसे ही थाना रोड स्थित शो रूम के पास पहुंची तभी थाना रोड पर पहले से खड़ी कार क्रमांक सीजी 11 ए के 8596 के चालक ने लापरवाह पूर्वक अचानक कार के की गेट खोल दिया जिससे स्कूटी सवार शकुंतला सीधे गेट से टकरा कर सड़क पर गिरी और पैर में गंभीर चोट आने से घायल हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 की टीम ने तत्काल घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां महिला का उपचार जारी है। इधर मौका पाकर चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। हालांकि दुर्घटना कारित कार की एक व्यक्ति ने फोटो खींच लिया था। बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजी 11 ए के 8596 अंबिकापुर चर्च रोड निवासी दिलीप कुमार सिंह आ.ता अरविंद कुमार सिंह का है।



सिलफिली कॉलेज में साइबर ठगी से बचाव के लिए लगा जागरूकता कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डिजिटल दौर में ऑनलाइन ठगी के निरंतर बढ़ते मामलों के बीच विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और जागरूक करने के उद्देश्य से जयनगर पुलिस ने शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

- जयनगर पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए आवश्यक सलाह एवं टिप्स

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव और आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने



विद्यार्थियों को सतर्क रहने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को समझाया कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास किया जाता हैं,कभी बैंक अधिकारी बनकर, तो कभी केवाईसी अपडेट करने, इनाम जीतने, नौकरी दिलाने अथवा अन्य आकर्षक ऑफर का लालच देकर लोगों से उनकी गोपनीय जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा कर मोबाइल से संबंधित गोपनीय जानकारी, बैंक खाते का विवरण, पासवर्ड अथवा ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय थोड़ी-सी लापरवाही भी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध एप डाउनलोड करने और किसी के कहने पर स्क्रीन शेयर करने से भी बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो बिना देर किए साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने और स्थानीय पुलिस को सूचना देने की भी सलाह दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर ठगी की जानकारी देने में देरी करने से धनराशि वापस मिलने की संभावना प्रभावित हो सकती है। इसलिए घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित बैंक और पुलिस को सूचित करना चाहिए तथा लेनदेन से जुड़े संदेश, स्क्रीनशॉट और अन्य साक्ष्य सुरक्षित रखने चाहिए। जागरूकता और समय पर कार्रवाई से साइबर अपराधों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

पृष्ठ 1 का शेष

ऑपरेशन शंखनाद के...

के पास नेशनल हाईवे पर वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप चालक को पुलिस ने लिया हिरासत में- पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर वाहन चालक को हिरासत में लिया। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें 4 नग गौ वंश लोड मिले। पुलिस ने सभी गौ वंशों को सकुशल बरामद कर लिया तथा पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। पूछताछ में आरोपी की पहचान नजमुल अंसारी उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम पनसो, कोटमा, जिला गुमला, झारखंड के रूप में हुई। पुलिस द्वारा गौ वंशों के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन आरोपी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना लोदाम में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(क)(घ) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।
आरोपी भेजा गया जेल- मामले में आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा गौ तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-13 एफ- 1745 को भी जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।
उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी लोदाम निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण भगत, आरक्षक बूटा सिंह, जगजीवन यादव एवं जशवंत मिंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगाई गई ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर राजमता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जागरूकता एवं परामर्श ओपीडी का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने, मानसिक समस्याओं से जुड़े भ्रम एवं भ्रांतियों को दूर करना तथा जरूरतमंद लोगों को उचित परामर्श एवं उपचार के लिए प्रेरित के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आमजन को संदेश दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना जरूरी है। मानसिक परेशानी होने पर चुप रहने या संकोच करने के बजाय समय पर परामर्श एवं उपचार लेना चाहिए।

- जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी गई जानकारी



कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के पंजीयन हॉल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श ओपीडी के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं परामर्श प्रदान किया गया। लोगों को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही महत्वपूर्ण है। तनाव, चिंता, अवसाद, नींद की समस्या तथा अन्य मानसिक परेशानियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी समस्याएं होने पर समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। इस अवसर पर लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, अपनी समस्याओं को परिवार एवं विश्वसनीय लोगों के साथ साझा करने, नियमित दिनचर्या बनाए रखने, पर्याप्त नींद लेने तथा योग, व्यायाम एवं अन्य स्वस्थ आदतों को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया एवं वी केयर नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया साथ ही मानसिक रोगों से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उन्हें सामाजिक सहयोग प्रदान करने की आह्वान किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अविनाश मेश्राम एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी के निर्देशन एवं उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान संबंधित विभाग के चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी, नर्सिंग के छात्र-छात्रा एवं अन्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

लोचन प्रसाद कालेज में युवा उड़ान कार्यक्रम

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय, सारंगढ़ में युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्यए जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

अग्रसेन भवन में पूजा अर्चना कर की आरती

चंद्रपुर। अग्रवाल समाज के आराध्य एवं समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन की जयंती के पावन अवसर पर चंद्रपुर स्थित अग्रसेन भवन में अग्र समाज के सदस्यों द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के सभी अग्रजनों ने एकत्रित होकर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना की तथा पूरे भक्तिभाव के साथ आरती कर समाज की सुख समृद्धि, एकता, खुशहाली और उन्नति की कामना की। पूजा अर्चना के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और उपस्थित सभी लोगों ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

रायगढ़। जिले में विद्यार्थियों के माध्यम से जनजागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में सेजेस कुंजेमुरा, पीएमश्री सेजेस कोड़ातराई एवं अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। सेजेस कुंजेमुरा के विद्यार्थियों ने कुंजेमुरा बस्ती के हनुमान चौक में 'नमो सेवा अनकही कहानियां' नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों ने प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से सेवा और जनकल्याण से जुड़े विषयों को सामने रखा। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना की। वहीं, अभिनव के छात्रों ने ग्राम गुडू में 'स्वच्छता ही सेवा है' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

रायगढ़। दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों और आयोजकों को पंडालों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आयोजन के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने प्रत्येक पूजा पंडाल में आयोजन के दौरान किसी जिम्मेदार व्यक्ति की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

यातायात सुरक्षा, सीपीआर, नशामुक्ति सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण

5 दिवसीय द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड शिविर में लिया प्रशिक्षण





जशपुरनगर। भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोधमा के प्रांगण में किया गया। शिविर का समापन 9 अक्टूबर को मुख्य अतिथि सरपंच सतपति साहनी, प्राचार्य शिबरीमेरी खाखा, पुष्पलता एक्का तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। शिविर में 172 स्काउट एवं गाइड के साथ 20 शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

कुनकुरी के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मारिया गोरिता तिर्की के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष कुनकुरी सुशीला साय, जनपद पंचायत सदस्य अभिनंदन एवं अन्य अतिथियों के आशीर्वचनों के साथ हुआ। शिविर के दौरान विकासखंड सचिव उत्तम कुमार यादव एवं स्काउट गाइड प्रभारी प्रियंका तिर्की के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया- पांच दिवसीय शिविर में स्काउट एवं गाइड को ध्वज शिष्टाचार, टोली निर्माण, स्काउट नियम एवं प्रतिज्ञा, अनुशासन, विभिन्न प्रकार की गांठों के निर्माण, तंबू निर्माण तथा प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही सीपीआर की जानकारी, कैंसर के प्रति जागरूकता, नशामुक्ति अभियान और हाइक जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। प्रत्येक संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता तथा सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया।

करियर काउंसलिंग और यातायात सुरक्षा की दी गई जानकारी- शिविर के बौद्धिक चर्चा सत्र में कुनकुरी के अनुविभागीय दंडाधिकारी विष्णु गुप्ता तथा डीएसपी ट्रैफिक चौहान एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अधिकारियों ने करियर काउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यातायात सुरक्षा के नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता तथा राहवीर योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने और देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दी।

स्काउट एवं गाइड आंदोलन के उद्देश्यों, महत्व और विकास की संभावनाओं पर चर्चा

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जशपुर कल्पना टोप्पो, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी टुमनु गोसाई, जिला संगठन आयुक्त स्काउट हेमंत पैंकरा तथा जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रीति सुधा किस्पोट्टा ने स्काउट एवं गाइड आंदोलन के उद्देश्यों, महत्व और विकास की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, सेवा भावना, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी के विकास में स्काउट-गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग जीवन व समाज हित में करने की प्रेरणा

शिविर के सफल संचालन में शिविर संचालक अरुण कुमार सिंह, परवेज राही एवं प्रफुल्ला मिंज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पांच दिनों तक चले इस शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान और जीवनोपयोगी कौशल प्राप्त किए। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा, सहयोग, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने शिविर की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने जीवन और समाज के हित में करने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षक तिर्की ने राज्य का बढ़ाया मान, जीता स्वर्ण और कांस्य



जशपुरनगर। तमिलनाडु के कोयंबटूर में 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित 5वीं राष्ट्रीय स्पोर्ट्स एवं गेम्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 1 हजार 872 खिलाड़ियों के साथ पड़ोसी देश श्रीलंका के चयनित 125 खिलाड़ियों ने भी एथलेटिक्स की विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित 71 खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 20 स्वर्ण, 16 रजत और 16 कांस्य पदक हासिल किए। इसी क्रम में जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला डीपाटोली के शिक्षक महेश तिर्की ने भी अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शिक्षक महेश तिर्की ने 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं 4×400 मीटर रिले रेस में स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिले, कुनकुरी विकासखंड और शिक्षा विभाग का नाम रोशन किया। इससे पूर्व भी वे विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। महेश तिर्की केवल एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि युवाओं के मार्गदर्शक भी हैं। शिक्षकीय दायित्वों का निर्वहन करने के साथ-साथ वे कुनकुरी के सलियाटोली खेल मैदान में नियमित रूप से स्थानीय युवाओं को खेल का अभ्यास कराते हैं। वे युवाओं को पुलिस एवं सेना में भर्ती की तैयारी के लिए भी मार्गदर्शन देते हैं। उनका यह प्रयास बच्चों और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय है। महेश तिर्की ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उनका मानना है कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और सकारात्मक सोच से युवा अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। महेश तिर्की ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के संस्था प्रमुख लवकुमार गुप्ता तथा नगरवासियों के स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद को दिया। उनकी सफलता से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी उपलब्धि न केवल शिक्षा जगत के लिए गौरव का विषय है, बल्कि क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है। महेश तिर्की की यह सफलता संदेश देती है कि जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए भी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

राजी पड़हा की मासिक बैठक में समाज की मजबूती, संस्कृति संरक्षण पर चर्चा



जशपुरनगर। दीपू बगीचा स्थित राजी पड़हा मुख्यालय में रविवार को राजी पड़हा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल से समाज के प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और महिला संगठन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक की शुरुआत समाज के पारंपरिक रीति-रिवाजों और जय धरम के जयकारों के साथ हुई। कार्यक्रम में ग्राम स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के विभिन्न संगठनों जैसे राजी पड़हा, पादा पड़हा, मूली पड़हा, डांडा पड़हा और अतखा पड़हा के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राजी पड़हा के राष्ट्रीय संरक्षक बसंत भगत, राष्ट्रीय महिला संगठन की अध्यक्ष सतमनी भगत, अमला, सुचिता भगत, बलवन्ती खलखो और कमली भगत सहित पादा पड़हा छत्तीसगढ़ के गिरीधर भगत और कहतो उपस्थित रहे। साथ ही, वेला व देवान राजू उरांव व जनार्दन टाना भगत, पश्चिम बंगाल पादा पड़हा के वेला अजीत लकड़ा, झारखंड के विभिन्न पादा पड़हा पदाधिकारी और जशपुर मूली पड़हा महिला संगठन के सदस्य भी मौजूद रहे। बैठक में समाज के उत्थान, पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण, आपसी एकजुटता और सांगठनिक मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज में कुरीतियों को दूर करने और युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने पर जोर दिया। सभी की सक्रिय सहभागिता के साथ यह मासिक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में स्वच्छता श्रमदान



जशपुरनगर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड बगीचा के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में कल स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वच्छतापूर्ण वातावरण के अनुकूल बनाना तथा विद्यार्थियों और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बगीचा सुदर्शन पटेल द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में विद्यालयों में अवकाश के पश्चात शिक्षकों एवं संबंधित कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया। इस दौरान विद्यालय परिसर, प्रार्थना स्थल, कक्षाओं, रसोईघर, भंडार कक्ष, बरामदों तथा आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। परिसर में फैले सूखे पत्तों, कचरे एवं अनावश्यक झाड़ियों को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्र जांच शिविर, 678 लोगों की जांच



जशपुरनगर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में 27वें विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया। इस वर्ष की थीम 'अपनी आंखों से स्नेह करें' है। जिला प्रशासन एवं सीएमएचओ डॉ जीएस जात्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विकासखण्ड बगीचा, जिला-जशपुर के सेक्टर पण्डरापाठ ग्राम चुन्दापाठ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पाहड़ी कोरवा क्षेत्र के माध्यमिक स्कूल के प्रांगण में दिनांक 10 अक्टूबर दिन शनिवार को नेत्र जांच स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. सीपी एक्का, सीएचसी पत्थलगांव के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ए मिंज ने लोगों से अपील की कि नशीले पदार्थों और धूम्रपान से बचें तथा आंख में चोट या अन्य समस्या होने पर तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जांच करायें और समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ से आंखों की जांच कराने तथा खानपान पर ध्यान देने की अपील की। शिविर में करीब 678 लोगों का पंजीयन कर नेत्र जांच व अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें 67 लोगों में मोतियाबिंद, 174 लोगों में अन्य नेत्र संबंधित समस्या का उपचार कर दवा वितरण, 315 लोगों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया, जबकि 147 लोगों में अन्य बीमारी की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह और उपचार देते हुए दवाई वितरण किया गया। अल्प दृष्टि दोष से बाधित आम जनों को स्वास्थ्य लाभ के साथ ही जरूरतमंद लोगों को कपड़ा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बगीचा बीएमओ डॉ. उत्तम नागवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजीव रंजन मिश्रा, शाखा प्रभारी खुले प्रसाद यादव, जिले के समस्त नेत्र सहायक अधिकारी दिनेश्वर पैंकरा, पीआर अजय, देव कुमार चौधरी, उमेश डनसेना, सुनिता नाग, दिलीप कुमार, नेत्र विभाग के अन्य स्टाफ व स्टाफ नर्स तथा सेक्टर पण्डरापाठ से समस्त एएनएम व आरएचओ, सीएचओ एवं जन प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मकान टूटने से आहत भाजयुमो जिला मंत्री ने छोड़े पार्टी के सभी ग्रुप

जशपुरनगर। नगर पंचायत बगीचा में गौरव पथ निर्माण के लिये सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब राजनीतिक और संगठनात्मक असंतोष का मुद्दा बनती नजर आ रही है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री रित्विक जैन उर्फ राजा जैन ने अपना मकान तोड़े जाने और संकट के समय मदद नहीं मिलने से नाराज होकर भाजपा के सभी ग्रुप छोड़ दिए हैं। उनके इस कदम के बाद स्थानीय और जिला स्तर पर पार्टी संगठन और बगीचा नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भाजयुमो नेता ने सवाल खड़े किए हैं।

- अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में मदद नहीं मिलने का आरोप

गुहार लगाते रहे, नहीं मिली राहत- बगीचा नगर पंचायत क्षेत्र में हाईस्कूल चौक से तहसील चौक तक गौरव पथ निर्माण होना है।सड़क निर्माण के लिए सड़क चौड़ीकरण पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भाजयुमो जिला मंत्री रित्विक जैन का मकान सबसे पहले तोड़ा गया। इस दौरान वे सामान हटाने के लिए प्रशासन से मोहलत मांगते रहे, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। रित्विक जैन का आरोप है कि संकट की इस घड़ी में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों समेत जिले के तमाम बड़े भाजपा नेताओं को कॉल किया लेकिन किसी ने उनका फोन तक नहीं उठाया न कोई मदद की। स्थानीय भाजपा नेताओं के मौके पर नहीं पहुंचने से भी उन्हें निराशा हुई।रित्विक जैन ने बताया की उन्होंने दीपावली तक कार्रवाई रोकने और सामान सुरक्षित निकालने के लिए समय देने की मांग की थी, लेकिन उनकी गुहार नहीं सुनी गई। मदद नहीं मिलने से आहत होकर वे खुद ही अपने मकान को तोड़ने में जुट गए। इसके बाद उन्होंने भाजपा के सभी ग्रुप छोड़कर अपना असंतोष जाहिर किया।



एक फीट तक के हिस्सों पर भी कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे स्थित मकानों के छोटे-छोटे हिस्सों को भी तोड़े जाने की बात सामने आई है। प्रभावित लोगों का आरोप है कि छह इंच से एक फीट तक अतिक्रमण की जद में आने वाले हिस्सों को भी नहीं छोड़ा गया। यहां तक कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने कुछ मकानों के पिलर भी ढहा दिए गए। वहीं, कुछ मकान मालिकों को तीन दिन की मोहलत दिए जाने की जानकारी भी सामने आई है।पूरी कार्रवाई के दौरान प्रभावित लोग नगर पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों समेत तमाम नेताओं से संपर्क करने का प्रयास करते रहे। उनके मौके पर नहीं पहुंचने की शिकायतों के बीच लोगों की नाराजगी बढ़ती गई। अब राजा जैन के भाजपा के सभी ग्रुप छोड़ने से यह मामला अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से आगे बढ़कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही और संगठनात्मक सहयोग पर भी चर्चा का विषय बन गया है। गौरवपथ जरूरी, लेकिन प्रभावितों को राहत क्यों नहीं- गौरवपथ निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी हो सकता है, लेकिन इस कार्रवाई ने एक अहम सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या प्रभावित परिवारों को सामान सुरक्षित निकालने, वैकल्पिक व्यवस्था करने और त्योहार के दौरान होने वाली परेशानियों से बचने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा सकता था?व्यापारी संघ ने भी दीपावली के बाद कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी।

पितृ विसर्जन के दिन तड़के चार बजे शुरू हुई कार्रवाई

बगीचा में पितृ विसर्जन के दिन तड़के करीब चार बजे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई की शुरुआत राजा जैन के मकान से हुई। इसके बाद सर्वेश्वरी आश्रम की बाउंड्री दीवार गिराई गई और नगर के विभिन्न हिस्सों में तहसील चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। नगर पंचायत की ओर से हाईस्कूल चौक से तहसील चौक तक गौरवपथ का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए अतिक्रमण हटाने के संबंध में करीब 25 दिन पहले नोटिस जारी किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, शनिवार तड़के अचानक शुरू हुई कार्रवाई से नगर के कई लोग सकते में आ गए। प्रभावित लोगों का कहना है कि कार्रवाई से पहले नगर पंचायत की ओर से मुनादी नहीं कराई गई और न ही तत्काल कार्रवाई को लेकर कोई पूर्व सूचना दी गई।

दीपावली तक कार्रवाई रोकने की मांग खारिज होने से नाराजगी

अतिक्रमण हटाने से पहले व्यापारी संघ ने दीपावली तक तोड़फोड़ की कार्रवाई स्थगित करने की मांग की थी। संघ का कहना था कि त्योहार के मद्देनजर व्यापारियों और प्रभावित परिवारों को सामान सुरक्षित करने तथा वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के लिए समय दिया जाना चाहिए। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं रोकी गई। रित्विक जैन ने नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान परेशान लोग उनसे संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचे। उन्होंने इसे प्रभावित लोगों की परेशानी के प्रति उदासीनता बताया। हालांकि, जनप्रतिनिधियों की सहमति से कार्रवाई किए जाने के उनके आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

डीईओ ने की कार्रवाई, संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही

अलग-अलग मामलों में एचएम व शिक्षक निलंबित, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ डीईओ एलएन पटेल ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए एक प्रधानपाठक और एक सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। एक प्रकरण में जांच के दौरान विभागीय निर्देशों का पालन नहीं करने और जांच में सहयोग नहीं देने का मामला सामने आया है, जबकि दूसरे मामले में डीएड की अंकसूची की प्रमाणिकता को लेकर गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं।

निलंबित कर्मचारियों में बिलाईगढ़ ब्लॉक के सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग, शासकीय प्राथमिक शाला केरिझर तथा शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुदरहा के प्रधानपाठक रामानंद साहू शामिल हैं। दोनों



के विरुद्ध अलग अलग शिकायतों और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर कार्रवाई की गई है। सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग के विरुद्ध नियुक्ति संबंधी दस्तावेजों की प्रमाणिकता को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। इसकी जांच की गई। शिकायतकर्ता द्वारा 6 फरवरी को दस्तावेजों का परीक्षण करने और नियुक्ति की पात्रता से जुड़े तथ्यों की पुष्टि करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। जांच के दौरान विभागीय कार्यालय ने बीते 6 अप्रैल को संबंधित शिक्षक को नियुक्ति से जुड़े मूल शैक्षणिक, व्यावसायिक तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ 8 अप्रैल को उपस्थित होने कहा गया था। इसके बाद 15 मई को जारी पत्र के माध्यम से निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने का उल्लेख करते हुए लिखित स्पष्टीकरण और वांछित जानकारी के साथ 21 मई को दोबारा उपस्थित होने का अवसर दिया गया। इसके बावजूद संबंधित शिक्षक के जांच में उपस्थित नहीं होने का उल्लेख विभागीय पत्राचार में किया गया। बाद में 2 सितंबर को जारी कार्यालयीन पत्र के माध्यम से संबंधित अभिलेखों और मूल सेवा पुस्तिका को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विभागीय जांच की प्रक्रिया में अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने तथा जांच में विलंब होने को गंभीरता से लिया गया। कार्यालयीन अभिलेखों के अनुसारए जांच में असहयोग और उच्च कार्यालय के निर्देशों का पालन नहीं करने के आरोप को प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरणद्ध नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल माना गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1966 के नियम 9 1(क) के अंतर्गत सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। दूसरा मामला बिलाईगढ़ ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल तेंदुदरहा में पदस्थ प्रधानपाठक रामानंद साहू से संबंधित है। उनके विरुद्ध डीएड की अंकसूची के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने में कथित अनियमितता की शिकायत की गई थी। शिकायत के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों में डीएड द्वितीय वर्ष, जून 2006 की अंकसूची का उल्लेख है, जिसका अनुक्रमांक 46142559 बताया गया है। शिकायत में प्रस्तुत अंकसूची और संबंधित मंडल की वेबसाइट से प्राप्त परीक्षा परिणाम के मिलान के दौरान अनुक्रमांक को लेकर विसंगति सामने आने की बात कही गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसारए उक्त अनुक्रमांक का परिणाम वेबसाइट पर किसी अन्य परीक्षार्थी के नाम से प्रदर्शित होने का उल्लेख है। वहींए प्रस्तुत अंकसूची में व्यावसायिक योग्यता के लिए 11 अंक दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है।

> जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है। विभाग शिकायतों को लेकर गंभीर है। शिकायतों की जांच कर तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> एलएन पटेल
> डीईओ सारंगढ़ बिलाईगढ़

